(*xv*) That allocation of foreign grants is made only to some favourite departments of the Institute in preference to others.

(*xvi*) That the hospital and the operation theatres of the Institute are unclean and the arrangements for casualty service are grossly inadequate.

(*xvii*) That the Staff Council is not functioning properly.

(*xviii*) That there is great discontentment amongst the faculty members, non-faculty staff, nursing personnel and the students.

(c) to (e). The facts in respect of the above allegations were ascertained. They did not reveal any cause for a specific inquiry.

दिल्ली विकास प्राधिकार के बारे में नई दिल्ली नगर-पालिका का उपेक्षापूर्ण रवैया

*432. **श्री हरदयाल देवगुण:** क्या **स्वास्थ्य, परिवार नियोजन एवं नगर विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिल्ली के मुख्य कार्यकारी पार्षद् द्वारा हाल ही में दिये गये इस वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि नई दिल्ली नगर पालिका केन्द्रीय सरकार के इशारे पर दिल्ली विकास प्राधिकार की उपेक्षा करती रही है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

स्वास्थ्य, परिवार नियोजन तथा नगरीय विकास मंत्री (श्री सत्यनारायण सिंह) :

(क) जी नहीं ।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता ।

दिल्ली में भिखारियों को रोजगार दिलाने की योजना

*433. **श्री मोहन स्वरूप :** क्या **समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली प्रशासन ने भिक्षावृत्ति को अपराध घोषित किया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि भिखारियों को रोजगार दिलाने के लिये एक व्यापक योजना बनाई गई है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका व्यौरा क्या है?

समाज कल्याण विभाग में राज्य मंत्री [डा० (श्रीमती) फूलरेणु गुह] : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग). भिखारियों को रोजगार दिलाने की ऐसी कोई योजना नहीं बनाई गई है । अलबत्ता, समर्थ-शरीर वाले जो व्यक्ति भिक्षा मांगने पर सिद्ध-दोष ठहराए जाकर भिखारीघृहों में नजरबन्द किए जाते हैं, उन्हें कृषि समेत विभिन्न शिल्पों में प्रशिक्षण दिया जाता है, अथवा उन्हें विभिन्न लोक उपयोगी कार्यों में, जैसे कि सरकारी कृषि फार्म, सार्वजनिक पार्क बनाना, इत्यादि, लगाया जाता है ताकि उन्हें काम करने की आदत पड़े और वे अपनी रिहाई के बाद कोई उपकारी धन्धा अपनाने के योग्य हो सकें ।

मोदीनगर के लिये नगरपालिका

*434. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :** क्या **स्वास्थ्य, परिवार नियोजन एवं नगर विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के लिये संसदीय सलाहकार समिति ने मोदीनगर में नगरपालिका बनाने के लिये सर्वसम्मति से निर्णय किया था ;

(ख) यदि हां, तो उक्त निर्णय कब तक क्रियान्वित करने की सम्भावना है; और

(ग) क्या इस निर्णय की तुरन्त क्रियान्विति में कोई राजनीतिक अथवा अन्य बाधायें आ रही हैं ?

स्वास्थ्य, परिवार नियोजन तथा नगरीय विकास मंत्री (श्री सत्य नारायण सिंह):

(क) उत्तर प्रदेश संसदीय सलाहकार समिति ने विचार व्यक्त किया है कि मोदी नगर में